मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

संपादक : छोटेलाल शर्मा

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2020-2022 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY

■ वर्ष - 10 ■ अंक - 02 ■ मुंबई, सोमवार, दिनांक 26 सितंबर से 02 अक्टूबर 2022 ■ पृष्ठ : 4 ■ कीमत : 3 /- रुपये




## ग्लू ट्रैप जंगली जंतुओं के लिए घातक

# प्रतिबंध की मांग

**मुंबई,** चिपचिपे पदार्थ से जंतुओं को फंसाने वाला उपकरण (ग्लू ट्रैप) आम तौर पर चूहों और कीटों को पकड़ने के लिए इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन मुंबई और आसपास के जिलों में इससे जंगली जंतुओं के लिए खतरा उत्पन्न हो गया है।

मुंबई के एक वन्यजीव संगठन ने महाराष्ट्र सरकार को पत्र लिखकर कहा है कि इस तरह के उपकरण का उल्लेख पशु क्रूरता निषेध अधिनियम और वन्यजीव संरक्षण अधिनियम का उल्लंघन है। संगठन ने सरकार से इस तरह के उपकरण के उत्पादन, बिक्री और इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

इस उपकरण में बक्से होते हैं, जिसमें चिपचिपे पदार्थ से बनी एक पट्टी होती है। इस पट्टी के संपर्क में आने के बाद चूहे और अन्य जंतु उससे चिपक जाते हैं और भाग नहीं पाते। जैसे ही चूहा, कीट या कोई अन्य जंतु इस उपकरण में रखी



खाद्य सामग्री को खाने के लिए बक्से में कूदता है, वह उसमें लगी पट्टी से चिपक जाता है। इससे जंतुओं की धीमी और कष्टदायक मौत होती है।

रेसकिंक एसोसिएशन फॉर वाइल्डलाइफ वेल्फेयर (आरएडब्ल्यूडब्ल्यू) ने राज्य के वन विभाग के मुख्य वन्यजीव वार्डन और प्रधान मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ), वन्यजीव को पत्र लिखकर इस उपकरण के उत्पादन, बिक्री और इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने की अपील की है। आरएडब्ल्यूडब्ल्यू के संस्थापक और मानद वन्यजीव वार्डन पवन शर्मा ने पत्र में लिखा कि इस उपकरण का इस्तेमाल कीटों से निपटने का ना केवल अमानवीय तरीका है, बल्कि कई संरक्षित प्रजातियां भी इसका शिकार बनी हैं।

उन्होंने कहा कि आरएडब्ल्यूडब्ल्यू ने वन्य जीवों, पक्षियों और सरीसृपों की कई प्रजातियों, जैसे कि गिलहरी, चमगादड़, उल्लू, अजगर, मॉनिटर छिपकली आदि को ऐसे उपकरणों से बचाया है। शर्मा ने कहा, ''जंगली जीव-जंतुओं के मारे जाने या घायल होने के कई मामले जागरुकता की कमी के कारण दर्ज नहीं होते और ज्यादातर मामलों में लोग कानूनी अड़चनों से बचने के लिए आगे नहीं आते हैं।'

यह उपकरण शहरी क्षेत्रों में चिंता का एक प्रमुख कारण है, जहां कारखानों, कंपनियों, आवासीय और वाणिज्यिक क्षेत्रों में कीट नियंत्रण एजेंसियों द्वारा इस नियमित रूप से इस्तेमाल किया जाता है। शर्मा ने कहा कि मुंबई, ठाणे और आसपास के क्षेत्रों में एक अनुपम जैव विविधता है जिसे बचाने और संरक्षित करने की आवश्यकता है।

## सड़कों के गड्ढों भरने का आदेश

# बीएमसी ने वॉर्ड ऑफिसर को दिए 5-5 लाख रुपये




**मुंबई,** सड़कों के गड्ढों से परेशान नागरिकों को राहत देने के लिए बीएमसी प्रशासन ने वॉर्ड ऑफिसर्स को 48 घंटों के भीतर गड्ढे भरने का निर्देश दिया है। प्रशासन ने इसके लिए सभी 24 वॉर्डों को 5-5 लाख रुपये दिए हैं। बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि सड़कों पर गड्ढों को लेकर लगातार शिकायत आ रही है। पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश की वजह से सडकों पर गड्ढे बन गए हैं। इस समस्या को दूर करने के लिए हमने प्रत्येक वॉर्ड को अतिरिक्त 5-5 लाख रुपये दिए हैं। वॉर्ड ऑफिसर आवश्यकता के अनुसार कोल्ड मिक्स खरीद कर 48 घंटे के भीतर सड़कों के गड्ढे भरें। एनबीटी गड्ढों की समस्या को प्रमुखता से उठाता रहा है। बीएमसी अधिकारी ने बताया कि मॉनसून के दौरान सड़कों के गड्ढे भरने के लिए हर वॉर्ड को 50-50 लाख दिए गए हैं। वहीं, मॉनसून से पहले बीएमसी गड्ढे भरने और रोड की मरम्मत के लिए हर वॉर्ड को 1.50 करोड़ रुपये देती है। अधिकारी ने कहा कि हर वॉर्ड को किसी भी गड्ढे से संबंधित शिकायत प्राप्त होने के 48 घंटे के भीतर उसे भरने का आदेश दिया गया है। यह मानक प्रक्रिया है, जिसे बनाए रखने की जरूरत है।

बीएमसी में पूर्व नेता विपक्ष रवि राजा ने बीएमसी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि मुंबई की कोई भी सड़क गड्ढा मुक्त नहीं हो पाई है। बीएमसी ने गड्ढे भरने के लिए 2200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।


# सेराजेम थेरेपी गोरेगांव सेंटर में प्रदर्शनी

**मुंबई,** सेराजेम थेरेपी गोरेगांव सेंटर में प्रदर्शनी के दौरान सेराजेम थेरेपी के बारे में बताया गया। जानकारी के अनुसार सेराजेम थेरेपी लाइलाज बीमारियों का इलाज करती है। यह दक्षिण कोरिया से इस थेरेपी की शुरूआत की गई। भारत में 510 जगह पर सेंटर है सेराजेम थेरेपी केवल भारत में नहीं दुनिया भर में लोग इसे पसंद करते हैं सेराजेम थेरेपी में रीड की हड्डी का फोकस करता है यह मशीन जहां ज्यादा जरूरत है वहां मसाज करती है सेराजेम थेरेपी में आने से किसी को घुटने का फायदा तो किसी को हर्ट का फायदा और डायबिटीज का फायदा आंखों से दिखने लगा कानों से सुनने लगे लकवा के कारण हाथ



पैर काम नहीं करता है वह भी में सेराजेम आकर ठीक हो जाता है। यह सेराजेम थेरेपी का लाभ है वजन




कम करने में भी लाभदायक है।

गोरेगांव सेंटर में सेराजेम के प्रेसिडेंट दक्षिण कोरिया से आए और सभी को इसके बारे में बहुत जानकारी दी और नई मशीन लांच की है, जिसका नाम V4 है। V4 के क्या-क्या नई तकनीक है, उसके बारे में बताएं और टीम लीडर दयाराम यादव का भी अपने हाथों से स्वागत किया सेंटर तो बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी।

## एटीएम से की 2.58 लाख रुपये की ठगी,

### मशीन को हैक कर किया फर्जीवाड़ा, गिरफ्तार



**मुंबई :** मुंबई में भांडुप पुलिस ने दो चचेरे भाइयों को गिरफ्तार किया है, जिन पर एटीएम मशीनों के साथ छेड़छाड़ करने और बैंकों से लाखों रुपये ठगने के आरोप हैं। 17 सितंबर को भांडुप के ही एक एटीएम सेंटर में नकदी की गिनती करते वक्त बैंक के कर्मचारियों को मशीन से कुल निकासी रकम के मुकाबले इनकी संख्या कम लगी। ऐसा ही कुछ अगले दो दिन भी हुआ। तीसरे दिन मशीन से 2.58 लाख रुपये की ठगी की गई।

# महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल चतुर्थ राष्ट्रीय महिला महाधिवेशन में प्रमुख अतिथी होंगी

**मुंबई :** अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा का चतुर्थ राष्ट्रीय महिला महाधिवेशन का आयोजन 8 एवम 9 अक्टूबर 22 को यूनिटेक इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी,कैलहट,चुनार, मीरजापुर (उ.प्र.) मे आयोजित किया गया है।

इस कार्यक्रम मे उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल प्रमुख अतिथी के रूप में उपस्थित रहेंगी*।

सम्माननीय अतिथी के रूप में केन्द्रीय राज्य



मंत्री पंकज चौधरी,अनुप्रिया पटेल सांसद केशरी देवी पटेल, विजय बघेल,उ.प्र.के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह,आशीष पटेल,म.प्र.के मंत्री रामखेलावन पटेल सहित उ प्र व अन्य राज्यो के वर्तमान व पूर्व मंत्री, सांसद, विधायक, कुलपति, प्रशासनिक अफसर और प्रमुख सामाजिक एवम् राजनैतिक नेता उपस्थित रहेंगे।

महाधिवेशन का आयोजन,संपूर्ण व्यवस्था अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा मीरजापुर एवं महिला ईकाई मीरजापुर द्वारा किया जा रहा है।

महाधिवेशन के संयोजक हरिशंकर सिंह पटेल(7007218687) एवम समाज सेवी डॉ.बाबुलाल सिंह पटेल

ने देशभर के कूर्मि परिवार जनों से सपरिवार उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।



## संपादकीय

# सार्थक पहल

*राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के एक मस्जिद व मदरसे में जाने तथा इमामों के सबसे बड़े संगठन ऑल मुस्लिम इमाम ऑर्गेनाईजेशन के प्रमुख उमेर अहमद इलियासी से बातचीत की खबर सुर्खियों में रही। इसे देश के दोनों बड़े समुदायों के बीच संवादहीनता को दूर करने की दिशा में सकारात्मक कदम के रूप में देखा गया। इस दौरान जब भागवत का परिचय मदरसे के विद्यार्थियों से राष्ट्रपिता व राष्ट्रीय ऋषि के रूप में कराया गया तो भागवत ने कहा 'हम सब लोग राष्ट्र की संतानें हैं'। यह खबर ऐसे मौके पर आई जब पूरे देश में एनआईए ने कट्टरपंथी मुस्लिम संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया यानी पीएफआई से जुड़े स्थानों पर एक साथ छापे डाले और काफी लोगों को गिरफ्तार किया। दरअसल भागवत की यह बातचीत इलियासी से दिल्ली में इंडिया गेट के निकट स्थित मस्जिद में आधे घंटे से अधिक समय तक चली। हालांकि, संघ की ओर से ऐसी बातचीत की कोशिश पहले भी हुई। लेकिन शायद यह पहली बार है कि संघ प्रमुख किसी मस्जिद व मदरसे में गये हों। समरसता को लेकर भागवत के कई बयान पिछले दिनों चर्चा में रहे हैं। इसमें वह बयान भी शामिल है, जिसमें उन्होंने हिंदू-मुसलमानों का डीएनए एक बताया और कहा कि मुसलमानों के बिना हिंदुस्तान अधूरा है। इससे पहले वे कह चुके हैं कि हर मस्जिद में शिवलिंग क्यों ढूंढा जाये? कहा जा रहा है कि संघ का यह कदम अपनी मुस्लिम विरोधी छवि को तोड़ने का उपक्रम है जिससे मुसलमानों के एक प्रगतिशील तबके को साथ जोड़ा जा सके। इससे पहले भी संघ प्रमुख मोहन भागवत ने पांच बड़े मुस्लिम बुद्धिजीवियों से मुलाकात की थी और दोनों समुदायों के बीच व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया। इस मुलाकात में पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी, दिल्ली के पूर्व लेफ्टिनेंट गवर्नर नजीब जंग, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति व पूर्व वरिष्ठ सैन्य अधिकारी जमीरुद्दीन शाह, पत्रकार शाहिद सिद्दीकी व कारोबारी सईद शेरवानी शामिल थे। निस्संदेह देश में असहिष्णुता व अविश्वास को दूर करने के लिये संवाद ही कारगर रास्ता हो सकता है। ऐसे ही प्रयास संघ के द्वारा विगत में भी किये गये हैं। इनमें कुछ मुस्लिम संगठनों के प्रतिनिधि व बुद्धिजीवी शामिल रहे हैं। दिल्ली में मुस्लिम बुद्धिजीवियों से हुई बैठक में उन मुद्दों पर भी चर्चा हुई जो दोनों समुदायों के बीच खटास पैदा करते हैं। मसलन बहुसंख्यकों को काफिर कहने व गोहत्या से जुड़े मुद्दे पर भी विमर्श हुआ था। वहीं अल्पसंख्यकों की परंपरागत छवि को उभारने व उनकी निष्ठाओं पर संदेह को लेकर मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने संघ प्रमुख से बातचीत की। दरअसल, मुस्लिम बुद्धिजीवियों का वर्ग चाहता है कि संघ के हस्तक्षेप से अल्पसंख्यकों में असुरक्षाबोध को खत्म किया जाये। साथ ही अनावश्यक रूप से धार्मिक विवादों को हवा देने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने की भी बात कही गई। मुस्लिम बुद्धिजीवी बातचीत के क्रम को निरंतर बनाये रखने के पक्ष में नजर आये। दरअसल, मुस्लिम बुद्धिजीवियों का यह वर्ग मानता है कि समाज में एक ऐसा थिंक टैंक बनाया जाये जो उनके मुद्दों को तार्किक रूप से सामने रख सके। इसी क्रम में संघ प्रमुख ने संगठन के कुछ लोगों को जिम्मेदारी दी है कि वे मुस्लिम समुदाय के प्रभावी व्यक्तियों से निरंतर संवाद व संपर्क बनाये रखें। साथ ही संघ प्रमुख ने इस बात पर भी बल दिया कि मदरसों की शिक्षा पद्धति का आधुनिकीकरण हो ताकि वहां से निकले बच्चे समय के साथ कदमताल कर सकें। तभी देश मजबूत हो सकेगा। निस्संदेह यह वक्त की दरकार है कि देश में दोनों संप्रदायों के बीच सद्भाव व सौहार्द को बढ़ावा मिले। इसके लिये जरूरी है कि दोनों संप्रदाय एक-दूसरे के विश्वासों व आस्था का सम्मान करें। फिर न कोई किसी को काफिर कहे और न किसी को जेहादी। दरअसल, असामाजिक तत्व इन शब्दों की गलत व्याख्या करके निहित स्वार्थों को पूरा करते हैं। देश में समरसता बनाये रखने के लिये बुद्धिजीवियों, लेखकों व पत्रकारों को प्रगतिशील भूमिका का निर्वहन करना चाहिए। देश की विविधता की संस्कृति के प्रति संवेदनशील व्यवहार जरूरी है।*

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर माल्यार्पण

**जौनपुर ।** समाज सेविका श्रीमती अंजू पाठक पूर्व भाजपा नेत्री एवं किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य के आवास पर भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण करके, समृद्ध व अखंड भारत हेतु समर्पित, एकात्म मानववाद व अंत्योदय के जनक एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक तीन प्रमुख लोगों में से एक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर राज एजुकेशनल सोसाइटी एवम हम सभी संस्था के पदाधिकारियों ने विमला श्रीवास्तव के उपस्थिति में माल्यार्पण किया व पुष्प अर्पित किये जिसमे अंजु पाठक सदस्य किशोर न्याय बोर्ड जौनपुर, विमला श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष , अंशु मौर्य, कोषाध्यक्ष करुणा मौर्या जी जिला मंत्री चेतना श्रीवास्तव,कार्यालय प्रभारी नीरज मौर्य पूर्व सभासद, रहें । विकास के लिए मानवतावाद पर आधारित उनका दर्शन हमें सदैव प्रेरित करता रहेगा। पंडित दीनदयाल की जयंती पर सभी ने अपने विचार विमर्श व्यक्त किये। साथ ही माननीय प्रधानमंत्री जी के मन की बात को भी सभी पदाधिकारियों ने सुना।





**जौनपुर से मंडल ब्यूरो चीफ सुरेश कुमार शर्मा की खास रिपोर्ट**



**बेटी दिवस पर सभी बेटियों को मौलिक अधिकार पार्टी की तरफ से चिरंजीवी भव, कामयाब हो, खुशहाल हो, चतुर्दिक विकास हो की मंगल कामनाएं। नमो बुद्धाय।**

# प्रशासन ने रामलीला के अतिक्रमण भूमि को खाली कराया

**सीखड़,** रामलीला मैदान पर गांव के लोगों द्वारा अवैध कब्जे की शिकायत उपजिलाधिकारी चुनार से प्राचीन रामलीला समिति द्वारा की गई थी। बुधवार 21 सितम्बर को दोपहर गांव के लेखपाल राजस्व निरीक्षक के साथ सीखड़ गांव पहुंचकर मौके का मुआयना किया जिसके क्रम में अतिक्रमण किए परिवार की महिलाओं द्वारा हल्ला करने लगी। तत्पश्चात जानकारी होने पर मय महिला फोर्स पहुंचे कोतवाल चुनार त्रिवेणी लाल सेन ने अतिक्रमणकारियों से अविलंब रामलीला मैदान को खाली करने के लिए निर्देशित किया गया जिस पर अतिक्रमण किए लोग रामलीला मैदान खाली करने को तैयार हो गए और मामला शांत करा दिया गया। इस अवसर पर प्राचीन रामलीला समिति के लोगों के साथ सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।







# पत्थर से कुचल कर युवक की निर्मम हत्या

**पिंपरी :** पिंपरी-चिंचवड के चिंचवड स्टेशन इलाके दो लोगों ने एक युवक को पत्थर से कुचल कर मार डाला। यह घटना शनिवार रात करीब साढ़े दस बजे चिंचवड के दवा बाजार आनंद नगर में हुई। इसमें मारे गए युवक की पहचान सागर कांबले (उम्र 22, निवासी आनंदनगर, चिंचवड, पुणे) के रूप में हुई है। हत्या की यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके अनुसार पुलिस हत्यारों की तलाश में जुटी हुई है। निगड़ी पुलिस को युवक की हत्या की सूचना मिली। इसी के तहत पुलिस मौके पर पहुंची। युवक का शव कुणाल प्लाजा सोसायटी की पार्किंग में खून से लथपथ पड़ा था। पुलिस ने सागर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की। इसमें सागर के साथ दो लोग नजर आ रहे हैं। उनके बीच मारपीट और हत्या की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।




निगड़ी पुलिस जांच कर रही प्राथमिक जानकारी के अनुसार सागर ने पिछले हफ्ते एक लड़की से छेड़छाड़ की थी। इससे उसकी पिटाई की गई। वह शराब का भी आदी था। रात में कुणाल प्लाजा सोसायटी की पार्किंग में तीन लोग आए। वहां उनका विवाद हो गया। दोनों ने शुरू में सोसायटी की पार्किंग में दुकानों के सामने सागर को पीटा। वहां सागर लहूलुहान हो गया। इसके बाद आरोपी ने घायल अवस्था में सागर को सोसायटी के सामने दीवार पर लाकर उसका सिर पत्थर से कुचल दिया। इसमें सागर की मौत हो गई। आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीम भेजी गई है। निगड़ी पुलिस जांच कर रही है।

## अब सताएगी गैस की महंगाई! रेकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच सकती हैं नेचुरल गैस की कीमतें

**नई दिल्ली :** लोगों की जेब पर बोझ अब बढ़ने वाला है। इस बार उन्हें गैस की महंगाई सताने वाली है। प्राकृतिक गैस के दाम इस सप्ताह होने वाली समीक्षा के बाद रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच सकते हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। प्राकृतिक गैस का इस्तेमाल बिजली उत्पादन, उर्वरक और वाहनों के लिए सीएनजी उत्पादन में होता है। दरें बढ़ने पर सीएनजी की कीमतें भी बढ़ जाएगी। देश में उत्पादित गैस का दाम सरकार तय करती है। सरकार को गैस कीमतों में अगला संशोधन एक अक्टूबर को करना है। ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन के पुराने क्षेत्रों से उत्पादित गैस के लिए भुगतान की जाने वाली दर 6.1 डॉलर प्रति इकाई से बढ़कर 9 डॉलर प्रति इकाई पर पहुंच सकती है। एनर्जी की कीमतों में हाल में आए उछाल को जोड़ने के बाद कंपनी दरों में यह इजाफा कर सकती है।

यह दर नियमन वाले क्षेत्रों के लिए अब तक की सबसे ऊंची दर होगी। बेंचमार्क अंतरराष्ट्रीय कीमतों में उछाल के बीच यह अप्रैल, 2019 से प्राकृतिक गैस की कीमतों में तीसरी वृद्धि होगी। सरकार प्रत्येक छह महीने (एक अप्रैल और एक अक्टूबर) में गैस के दाम तय करती है। यह कीमत अमेरिका, कनाडा और रूस जैसे गैस अधिशेष वाले देशों की पिछले एक साल की दरों के आधार पर एक तिमाही के अंतराल के हिसाब से तय की जाती है। ऐसे में एक अक्टूबर से 31 मार्च, 2023 तक के लिए गैस का दाम जुलाई, 2021 से जून, 2022 की कीमत के आधार पर तय किया जाएगा। उस समय गैस की कीमतें काफी उच्च स्तर पर थीं।

# सुपर मार्केट में फिलहाल नहीं बिकेगी वाइन, आबकारी मंत्री शंभूराज देसाई की सफाई

**मुंबई,** राज्य के सुपर मार्केट और दुकानों में वाइन बेचने का मामला फिलहाल अधर में लटक गया है। राज्य के आबकारी मंत्री शंभूराज देसाई ने सफाई दी है कि सुपर मार्केट में वाइन बेचने की अनुमति देने का कोई निर्णय सरकार ने नहीं लिया है। इस संबंध में राज्य सरकार विस्तार से अध्ययन के बाद किसी प्रकार का निर्णय लेगी। गौरतलब है कि राज्य की पिछली महाविकास आघाडी सरकार ने सुपर मार्केट और दुकानों में वाइन ब्रिकी की अनुमति देने का निर्णय लिया था। इसके पीछे तत्कालीन ठाकरे सरकार का कहना था कि सुपर मार्केट और दुकानों में वाइन की बिक्री से किसानों को फायदा होगा, उनकी आय बढ़ेगी। उस वक्त बीजेपी ने डटकर विरोध



किया था। बीजेपी सहित अन्य दलों के विरोध के चलते इस फैसले को टाल दिया गया था। विपक्ष के तत्कालीन नेता देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि आघाडी सरकार महाराष्ट्र को मद्यराष्ट्र बनाने पर तुली है, इसे सहन नहीं किया जाएगा।

मीडिया से बातचीत में करते हुए आबकारी मंत्री शंभूराज देसाई ने कहा था कि सुपर मार्केट और दुकानों में वाइन बेचने का निर्णय किसानों के हित में है, लेकिन इस पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से चर्चा करने के बाद अंतिम निर्णय लिया जाएगा। आबकारी विभाग ने सुपर मार्केट और दुकानों में वाइन बेचने को लेकर एक सर्वे कराया गया था। सर्वे में बड़ी संख्या में लोगों ने सुपर मार्केट में वाइन बेचने का समर्थन किया है। सुपर मार्केट और दुकानों में वाइन बेचने की अनुमति पर विवाद बढ़ने के बाद आबकारी मंत्री शंभूराज देसाई ने सफाई दी। उन्होंने कहा कि उनके बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि राज्य सरकार सुपर मार्केट में वाइन ब्रिकी को लेकर पक्ष में है, जबकि सुपर मार्केट में वाइन बेचने के बाबत कोई निर्णय ही नहीं लिया गया। फिलहाल, इस पर अध्ययन किया जा रहा है। ऐसे में, यह बोलना कि सुपर मार्केट और दुकानों में वाइन की बिक्री होगी, पूरी तरह से गलत है। ऐसा कोई निर्णय फिलहाल नहीं लिया गया है।

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचारपत्र

**कदम कदम पर**

RNI No.:MAHHIN/2014/55126

संरक्षक

**जे.पी.शर्मा**

संपादक

**छोटेलाल शर्मा**

मो.:०९८१९८६२१७२

प्रबंध संपादक

**अनिल शर्मा**

मो.:०९८३३३२९७२१

उप संपादक

**श्रीमती कंचन यादव**

**(फैजाबाद, यू.पी.)**

**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**

**राजन शर्मा (उप संपादक)**

**आर्थिक सलाहकार**

**सतीशचंद्र गुप्ता**

**पंकज (बबलू) यादव**

प्रतिनिधि

**अवनीश कुमार मिश्र**

**(उत्तर प्रदेश मुख्य संवाददाता)**

**सौरभ उमेशप्रताप सिंह**

**राजेश कुमार शर्मा**

साज सज्जा :

**संतोष तिवारी**

(९७६८३६२०९१)

कानूनी सलाहकार

**एड. बी. एम. शर्मा**

**एड. आर. आर. शर्मा**

**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**

(मो.: ९४५२७९१५७०)

(न्याय क्षेत्र मुंबई)

सभी पद अवैतनिक हैं।

वाट्स एप नं. : ९८३३२३५०६३

Email : kadamkadampar1@gmail.com

पत्रिका में प्रकाशित सभी आलेख और समाचार लेखकों की अपनी राय है। इससे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## सीडीपीओ सीखड़ ने स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा का कार्यक्रम किया



**सीखड़,** बृहस्पतिवार को तम्मनपट्टी आंगनबाड़ी क प्रथम पर पोषण पंचायत समिति की उपस्थिति में स्वस्थ बालक बालिका प्रतिस्पर्धा आयोजित की गई । जिसमें 0 से 5 वर्ष के बच्चों का वजन और लंबाई ली गई जिसमें से 3 स्वस्थ बालक बालिकाओं को 2 अक्टूबर को पुरस्कार वितरण हेतु चुना गया जिन बच्चों को मानक केअनुरूप 6 माह तक केवल मां का दूध उसके बाद अर्द्ध ठोस आहार की शुरूआत और आहार के साथ साथ कम से कम 2 वर्ष तक मां का दूध मिला हो और पूर्ण टीकाकरण हुआ हो तथा उम्र के अनुसार वजन और लंबाई से सामान्य ग्रेड में हो। इस अवसर पर विशेष टीकाकरण अभियान था तो मौके पर आशा शशीकला सिंह, ए एन एम गीता देवी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री कनक सिंह,चन्दा यादव, शिक्षामित्र सहित लाभार्थियों एवं लाभार्थियों के अभिभावक उपस्थित रही।

## जनपद होमगार्ड कम्पनी सीखड़ के जवानों द्वारा वृक्षारोपण कार्य किया गया

**मिर्जापुरः** सीखड़, विकास खण्ड अर्न्तगत ग्राम पंचायत बगहा में वने अमृत सरोवर पर ग्राम



प्रधान कुंजन सरोज की उपस्थिति में होमगार्ड विभाग के अजय कुमार सिंह बी, ओ कंपनी सीखड दिनेश कुमार पाण्डेय कंपनी कमांडर सीखड के द्वारा जलवायु एवं आम जन जिवन को सुखमय बनाने के लिए वृक्षारोपण का कार्य किया गया। कार्यक्रम में कम्पनी के सभी होमगार्ड जवान उपस्थित रहे।



संत निरंकारी मिशन मंडल के अतंर्गत समस्त पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित होकर, अंश शर्मा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दिये व आशीर्वाद महेंद्र पाण्डेय, संजय गुप्ता, मंजेश कुमार शर्मा, मंगलेश शर्मा ,सतीश , अवधेश, अनिल शर्मा ( डोबिवाली, कल्याण शहर नाई समाज के सदस्य)। गौरव शर्मा मीडिया प्रभारी भाजपा झोपड़पट्टी मोर्चा









दिनांक 20 सितम्बर 2022 को चार वेलफेयर फाउंडेशन ( रजि.) के 6 वर्ष पुरे होने पर बुराड़ी क्षेत्र में संस्था द्वारा संचालित प्ले वे स्कूल में बच्चों के साथ बड़ी धूमधाम से 6वां स्थापना दिवस मनाया गया जिसमें केक काटकर और बच्चों को रिफ्रेशमेंट बाँटी गई ... इस अवसर पर श्री जयकिशन ठाकुर जी (राष्ट्रीय अध्यक्ष), श्री विकास ठाकुर जी (उपाध्यक्ष), कर्नल आर एस त्रिपाठी जी (राष्ट्रीय संयोजक , मनोज मान ठाकुर जी (दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष), श्रीमती कान्ता जी (हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष ) श्रीमती प्रियंका सेन जी (कार्यकारिणी अध्यक्ष), श्री पुनीत कनोजिया जी (पंजाब प्रदेश अध्यक्ष), श्री दिवाकर कुमार सुमन जी (बिहार प्रदेश अध्यक्ष) और भी विभिन्न राज्यों से पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित हुए .इस मीटिंग में शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में लोगों को सरकार द्वारा मिलने वाली सुविधाओं से अवगत कराने और उन्हें जागरूक कैसे बनाया जाये जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई. इस पर सभी ने अपने सुझाव भी दिए की संस्था द्वारा कंप्यूटर के क्षेत्र में भी कार्य होना चाहिये इस मुद्दे पर सभी ने अपनी सम्मति दी इस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जय किशन ठाकुर जी ने आश्वासन दिया है की आने वाले कुछ ही दिनों में एक कंप्यूटर शिक्षण संस्थान का भी निर्माण संस्था द्वारा किया जायेगा और गरीब बच्चे कंप्यूटर शिक्षा का भी लाभ संस्था द्वारा संचालित इस कंप्यूटर शिक्षण संस्थान से ले सकेंगे. इस तरह आज चार कदम वेलफेयर फाउंडेशन के 6वें स्थापना दिवस पर फिर सभी ने संस्था के मूल उद्देश्यों को साथ मिलकर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया.

# सर्व पितृ अमावस्या पर ब्राह्मणों को अन्नदान



मुंबई:-समाज सेवी लक्ष्मीनारायण दीक्षित एवं भाई लोलारख नाथ दीक्षित, बाबुल नाथ दीक्षित, पारस नाथ दीक्षित, विशंभर नाथ दीक्षित और समर नाथ दीक्षित ने सर्वपितृ अमावस्या पर्व पर पवई के विसर्जन घाट पर स्व. मातृ पितृ ऋण की शांति हेतु जल एवम भोजन अर्पित किया तथा अन्न दान पुण्य कर ब्राह्मणों से आशिर्वाद प्राप्त किया।




वर्ष 2022 का लोक कलावंत सामाजिक सांस्कृतिक कलामंच महाराष्ट्र राज्य, के राज्य स्तरीय सामाजिक कार्य सम्मान पुरस्कार कार्यक्रम में सामाजिक कार्य हेतु समाज कार्य गौरव पुरस्कार राष्ट्रीय संगठन श्री नारायणी सेना के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष अशोक पवार इन्हें देते हुए अण्णा भाऊ साठे लोक कला ट्रस्ट के jilha अध्यक्ष, ZP के माजी अध्यक्ष एकनाथ सेठ त्रिभुवन, स्वछता दुत, ठाकुर धोंडिराम सिंह राजपुत, डॉ बाबासाहेब सांस्कृतिक ट्रस्ट अध्यक्ष सुधाकर बागुल, शाहीर अशोक राव बागुल आदी मान्यवर.

# मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर संजय पांडे CBI की हिरासत में

**नई दल्लीः** सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन ने मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर संजय पांडे को उनकी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी की ओर से नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के कर्मचारियों के कथित अवैध फोन टैपिंग के संबंध में चार दिन की हिरासत में लिया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पांडे अपने खिलाफ जांच के सिलसिले में पहले से ही प्रवर्तन निदेशालय की न्यायिक हिरासत में हैं। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने यहां स्पेशल सीबीआई कोर्ट से टैपिंग मामले के संबंध में पांडे की हिरासत का अनुरोध किया।

कोर्ट ने चार दिन की हिरासत दी है। इस दौरान एजेंसी उनसे पूछताछ करेगी। मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर संजय पांडे और एनएसई की पूर्व प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) चित्रा रामकृष्ण के अलावा सीबीआई ने एनएसई के एक अन्य पूर्व सीईओ और एमडी रवि नारायण को भी मामले में नामजद किया है।

सीबीआई के मुताबिक, आरोप हैं कि एनएसई का सुरक्षा ऑडिट करने वाली कंपनियों में से एक आईसेक सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड ने 2009-17 के दौरान अवैध रूप से एनएसई कर्मचारियों के फोन टैप किए थे। कंपनी को मार्च 2001 में पांडे ने शुरू किया था और उन्होंने मई 2006 में इसके निदेशक का पद छोड़ दिया। उनके बेटे और मां ने कंपनी की जिम्मेदारी संभाली।

# कौशांबी की मधु ने कुश्ती में जीता गोल्ड



**कौशांबी,** कौशांबी में युवा कल्याण विभाग की जोन स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में थाबा अलावलपुर की एक बेटी ने कुश्ती में गोल्ड जीत कर नाम रोशन कर दिया है। बेटी ने 50 आयु वर्ग में चित्रकूट जिले के पहलवान को 11-0 से हरा कर पहला स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में अपने खेल का लोहा मनवाने वाली बेटी को राज्य स्तर के खेल में चयन हुआ है। जीत हासिल कर लौटी बेटी को ग्रामीणों ने हाथों-हाथ लेकर उसका उत्साह बढ़ाया है। इंटर की छात्रा है मधु, मंझनपुर तहसील के थाबा अलावलपुर गांव के रहने वाले राजीव शर्मा गांव के बाहर नाइ की दुकान चलाते हैं । राजीव की बेटी मधु करारी इंटर कालेज में इंटर की छात्रा हैं।

युवा कल्याण विभाग ने जोन स्तर पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन प्रयागराज जनपद के केपी ग्राउंड में आयोजित किया। प्रतियोगिता में जोन के बालक-बालिका वर्ग के बच्चों ने हिस्सा लिया । बालिका कुश्ती में थाबा अलावलपुर गांव की मधु शर्मा ने प्रतिभाग किया। फाइनल में बनाया स्थान 50 वर्ष आयु वर्ग में मधु ने प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़ में और चित्रकूट के पहलवानों को पटखनी देकर फाइनल अपना स्थान पक्का किया।

फाइनल मुकाबले में चित्रकूट और कौशांबी के बीच मुकाबला हुआ। मुकाबले में मधु ने चित्रकूट के पहलवान को 11-0 से हरा दिया। गेम टीचर ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने बताया, वह अपने प्रतिद्वंदी पहलवान को 30 सेकंड से 1 मिनट के बीच चित कर देती है। जिसके चलते गोल्ड जीतने वाली मधु शर्मा को राज्य खेल के लिए चयनित किया गया है शिक्षा के साथ गेम में भी रुचि, प्रयागराज से गोल्ड जीत कर गांव लौटी बेटी मधु शर्मा के स्वागत में ग्रामीणों ने विजय यात्रा निकाली । ग्रामीणों ने मधु शर्मा के मिठाई खिलाकर उनका उत्साह वर्धन किया। पिता राजीव शर्मा ने बताया, वह अपनी बेटी को शिक्षा के साथ खेल में रूचि को देख कर आहलादित है। उन्होंने बेटी को खेल में आगे बढ़ाने के लिए जी-तोड़ मेहनत करने की बात कही है।

# मुलुंड की 2 विद्यार्थिनीयों का अंडर 19 क्रिकेट टीम में चयन

**मुंबईः-** आर.आर. एजुकेशनल ट्रस्ट, जूनियर कालेज, म्हाडा, मुलुंड पूर्व की कक्षा 12वीं की विद्यार्थिनी सानिका चालके (बैट्समैन)एवम पलक धरमशी (तेज गेंदबाज)का चयन पांडिचेरी में होने वाले अंडर 19 क्रिकेट टीम, टीम 20 मैच के 15 सदस्यीय टीम में किया गया है।





इनके चयन पर कालेज के चेयरमैन डॉ. आर.आर. सिंह, सचिव रामचंद्र सिंह, समाज सेवी डॉ.बाबुलाल सिंह,कोषाध्यक्ष जगदीश सिंह, ट्रस्टी भगत सिंह, पूर्णमासी सिंह, बीरेन्द्र सिंह,महेंद्र सिंह कालेज के प्राचार्य, प्रोफेसर, शिक्षकों ने बधाई दी है।

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com